लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
अश्विन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2080
अमृत विचार
वर्ष 4, अंक 318, पृष्ठ 14, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, सोमवार, 2 अक्टूबर 2023

PAGE NO 7 : TOP

बरेली कॉलेज और जीआरएम स्कूल को मिली चल वैजयंती

विजेता प्रतिभागियों के साथ निर्णायक मंडल के सदस्य।

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से रिद्धिमा में आयोजित वार्षिक अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में बरेली कॉलेज के मो. शारिक शबाब जैदी और राजश्री कॉलेज की रानी कुमारी को पहला स्थान मिला। कनिष्ठ वर्ग में जीआरएम स्कूल दोहरा रोड के केशव भाटिया और कृतिका पटेल ने संभाषण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेष्ठ संभाषण से वरिष्ठ वर्ग में बरेली कॉलेज और कनिष्ठ वर्ग में जीआरएम दोहरा रोड ने चल वैजयंती हासिल की। विजेताओं को श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की आशा मूर्ति और ऋचा मूर्ति ने पुरस्कार प्रदान किए। ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने वाद- विवाद प्रतियोगिता के महत्व को बताया। वरिष्ठ वर्ग में श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी चैतन्य गंगवार को दूसरा फार्मेसी की चहक अग्रवाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ। इस मौके पर ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, रुचि शर्मा मौजूद रहे।